>

Title: Need to allot the remaining land earmarked by Defence Ministry for residential purpose to Ex-servicemen in Bijnore, Uttar Pradesh.

श्री मुन्शी राम (बिजनौर) : मेरी लोक सभा क्षेत्र् के अन्तर्गत परगना अफजलगढ़ तहसील धामपुर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश में भूतपूर्व सैनिक उपनिवेश योजना के तहत 12 गांव क्रमशः कादराबादण, तुर्रतपुर, लड्डूवाला, नवाबपुरा, चकमोरी, रसूलाबाद, मुरलीवाला, जामनवाला, कल्लूवाला, भीखावाला, मीरापुर नार्थ, मीरापुर साउथ में केन्द्रीय सरकार के रक्षा विभाग द्वारा मकान, सड़क व स्कूल बनाकर 1950 से 1969 तक दस एकड़ भूमि प्रत्येक सैनिक को देकर बसाया गया था। 12 मई, 1959 को भारत सरकार के उप रक्षा मंत्री ने कादराबाद अफजलगढ़ में यह कार्य संपन्न किया था। इस क्षेत्र् में इस उपनिवेश योजना के अन्तर्गत अभी भी लगभग 20,000 एकड़ भूमि शेÂष है जो कि भूतपूर्व सैनिकों को दी जाये।